प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 17.04.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. लोकसभा में महिला आरक्षण और परिसीमन से जुड़े तीन अहम बिलों पर आज होगी वोटिंग, पूरे देश की निगाहें सदन पर टिकी।
2. राज्य सरकार ने गैस एजेंसियों को दिया 10 दिनों का अल्टीमेटम, बैकलॉग खत्म न होने पर होगी सख्त कार्रवाई, रांची में कालाबाजारी के लिए जमा किए गए 210 गैस सिलेंडर जब्त।
3. सारंडा के जंगलों में आइइडी ब्लास्ट में घायल कोबरा बटालियन के दो जवान बेहतर इलाज के लिए दिल्ली रेफर, ग्रीन कोरिडोर बनाकर भेजा गया एयरपोर्ट।
4. उत्पाद सिपाही पेपर लीक मामले की एडीजी ने की उच्चस्तरीय समीक्षा, भाजपा ने लगाया जांच में लीपापोती का आरोप, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने किया पलटवार।
5. राज्य के कई जिलों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार, डाल्टनगंज रहा सबसे गर्म; मौसम विभाग ने 19 और 20 अप्रैल को लू का जारी किया येलो अलर्ट।

****

महिला सशक्तीकरण की दिशा में आज का दिन ऐतिहासिक साबित हो सकता है। लोकसभा में महिला आरक्षण और परिसीमन से जुड़े तीन अहम बिलों पर चर्चा के बाद आज शाम 4 बजे मतदान होना है। पूरे देश की निगाहें आज शाम होने वाले इस ऐतिहासिक फैसले पर टिकी हैं। प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों से इस ऐतिहासिक विधेयक को राजनीतिक रंग न देने की अपील की है।

****

लोहरदगा जिले में केंद्र सरकार की योजनाओं से महिला सशक्तीकरण की एक नई इबारत लिखी जा रही है।

****

राज्य में रसोई गैस की समान्य आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर सरकार अब एक्शन मोड में है। खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने सभी गैस एजेंसियों को 10 दिनों के भीतर बैकलॉग खत्म करने का अल्टीमेटम दिया है।

****

राजधानी रांची के चुटिया इलाके में प्रशासन ने अवैध गैस कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। एसडीएम और सिटी डीएसपी के नेतृत्व में हुई संयुक्त छापेमारी में 210 गैस सिलिंडर बरामद किए गए हैं।

****

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने रांची के हटिया विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को हर घर पर सूचनात्मक स्टीकर लगाने और मतदाता सूची से डुप्लिकेट और मृत मतदाताओं के नाम हटाने के कड़े निर्देश दिए।

****

सारंडा के जंगलों में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान हुए आईईडी ब्लास्ट में घायल कोबरा बटालियन के इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश और जवान शैलेश दुबे को बेहतर इलाज के लिए दिल्ली रेफर किया गया। रांची पुलिस ने ग्रीन कॉरिडोर बनाकर इन्हें मात्र 5 मिनट में एयरपोर्ट पहुँचाया। फिलहाल, एक करोड़ के इनामी नक्सली मिसिर बेसरा की घेराबंदी तेज कर दी गई है।

****

झारखंड उत्पाद सिपाही परीक्षा के कथित पेपर लीक मामले में पुलिस की कार्रवाई तेज हो गई है। अपर पुलिस महानिदेशक मनोज कौशिक ने मामले की विस्तृत समीक्षा की। रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक के गोपनीय कार्यालय में आयोजित इस बैठक में एडीजी ने कांड के अनुसंधान, अब तक जुटाए गए साक्ष्यों और फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर एसआईटी के सदस्यों को कड़े दिशा–निर्देश दिए।

****

झारखंड उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा के कथित पेपर लीक मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। भाजपा ने राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन पर मामले की लीपापोती करने का आरोप लगाया है। पार्टी नेता अमित मंडल का कहना है कि पुलिस केवल छोटे मोहरों पर कार्रवाई कर रही है, जबकि असली मास्टरमाइंड अब भी गिरफ्त से बाहर हैं।

****

इस बीच राज्य की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने भाजपा पर पलटवार किया है। दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि विपक्ष केवल राजनीति करने के लिए आधारहीन आरोप लगा रहा है।

****

देवघर जिले में कुपोषण के खिलाफ जंग तेज हो गई है। इस सिलसिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

****

राज्य में भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित हुआ है। राज्य के कई जिलों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राजधानी रांची समेत राज्य के 12 जिलों में 19 और 20 अप्रैल को लू का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

****

रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आगामी 1 से 3 मई तक तीसरी सिकोकई ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप का आयोजन होने जा रहा है। इस तीन दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के लिए राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को औपचारिक रूप से आमंत्रित किया गया है।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने लोकसभा में महिला आरक्षण और परिसीमन बिल पर बहस की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– महिला आरक्षण: नये बिल पर बहस, पुराना लागू।

हिन्दुस्तान झारखंड हाईकोर्ट के हवाले से लिखता है– जंगलों से 500 मीटर के दायरे के बाहर ही खनन।

प्रभात खबर के शब्द हैं– सारंडा को 5000 जवानों ने घेरा, सभी रास्ते सील किये, 53 नक्सली घिरे।

दैनिक जागरण के अनुसार– नोएडा हिंसा में झारखंड के आदित्य व रुपेश साजिशकर्ता, पाक से जुड़े तार।

****